# नरसिंहपुर में मचेगी कला की धूम

**नरसिंहपुर।** शहर की अग्रणी सांस्कृतिक संस्था श्री शंखनाद सांस्कृतिक कला केंद्र एवं माधवम परिवार के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष भी बचों की छुट्टियों को रचनात्मक बनाने के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2026 का भव्य आयोजन 10 मई से31 मई तक किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के लिए ऑफलाइन पंजीयन की



प्रक्रिया 5 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली है , जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 रहेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर में भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य, चित्रकला, नाट्य कला और व्यक्तित्व विकास जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजकों का मुख्य उद्देश्य आधुनिकता के इस दौर में नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। जिसमें बाहर के कला प्रशिक्षक जिसमें अभिषेक आर्य ( नई दिल्ली) ,अर्जुन शर्मा( शिवपुरी) ऋषिकांत( ग्वालियर) गुरु कांत दीक्षित( जबलपुर) कुलदीप सोनी( सीधी)अमन व्यास( भिंड) निवेदन शर्मा (इंदौर) पूनम सोलंकी ( इंदौर)अनिल प्रजापति ( भितरवार) बचों को लोक कलाओं में प्रशिक्षण देने के लिए आएंगे।



# भक्ति और उल्लास के साथ निकली माता

## महाकाली दरबार की जवारा विसर्जन शोभायात्रा

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**



चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है । इसी क्रम में शनिवार शाम को सत रास्ता स्थित श्री माता महाकाली दरबार मंदिर से विशाल जवारा विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई । मंदिर के पुजारी के सानिध्य से शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ।

**शोभा यात्रा का मार्ग और उत्साह**

सतरास्ता चौक स्थित माता महाकाली मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई यह भव्य यात्रा बैंड बाजा के साथ नगर के मुख्य मार्ग से गुजरी। सिर पर जवारे एव कलश रखें महिलाओं और श्रद्धालुओं का मार्ग अमर चौक, जयस्थान्म चौक, सराफा चौक से होते हुए सेठानी घाट पहुंचे। पूरे रास्ते जय माता दी के जयकारों से एवं भजन गीत से वातावरण धार्मिक हो गया।

नर्मदा तट के लिए प्रस्थान -

नगर भ्रमण के पश्चात मंदिर समिति के सदस्य और श्रद्धालु द्वारा इन पवित्र जवारों और कलश को भक्ति भाव के साथ मां नर्मदा तट पर विसर्जन के लिए ले जाया गया इस अवसर पर महाकाली दरबार मंदिर समिति के पदक अधिकारी और और सदस्य गण एवं क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने परिसर स्थित लंबे समय से बंद कुएं का जीणोद्वार करने के दिए निर्देश

# कमिश्नर के नेतृत्व में कमिश्नर कार्यालय परिसर मे साफ सफाई कर परिसर को स्वच्छ किया गया

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

जिले में नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी के नेतृत्व में साप्ताहिक स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार की प्रातः कमिश्नर कार्यालय परिसर में साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। प्रातः 7:00 बजे से आयोजित स्वच्छता के इस कार्यक्रम में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपार उत्साह से परिसर की सफाई कर परिसर को स्वच्छ कर साफ सफाई को आदत में शामिल करने का संदेश दिया। इस दौरान कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने पूरे कमिश्नर परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्थाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लंबे समय से परिसर में स्थित बंद कुएं का जीणोदार करने के निर्देश दिए। बंद कुएं में अंदर तक छोटी-छोटी झाड़ियां उग गई है साथ ही पीपल का वृक्ष भी पनप गया है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की लोक निर्माण विभाग झाड़ियो को हटा कर कुएं का जीणोदार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर पालिका अधिकारी को पूरे नगर में भी बेहतर साफ सफाई व्यवस्थाएं बनाए रखने एवं शहर की नालियों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए और कहां की इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। कमिश्नर श्री तिवारी ने स्वयं परिसर के चारों तरफ बनी नाली की गहराई का अवलोकन किया। नालियों में उग आई झाड़ियो एवं पत्तों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।



जगह-जगह उखड़ी नालियों की मरम्मत करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नालियों की मरम्मत कर नालियों का सीमेंट करण किया जाए। नाली के ऊपर उगी झाड़ियो को तत्काल हटाकर नाली के आसपास में रंग रोगन कर उसे आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने परिसर की दीवार जो कई जगह से बदरंग हो गई है उसकी पुताई कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने परिसर में पार्किंग व्यवस्था भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने सफाई अभियान के दौरान देखा कि कमिश्नर परिसर से लगे हुए जल संसाधन विभाग के प्रक्षेत्र में व्यापक रूप से गंदगी व्याप्त है। प्लास्टिक के डिस्पोजल, पानी की बोतल, गुटका पाउच के रैपर एवं पेडो की पत्तियां तथा कचरा बिखरा पड़ा है। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों को उक्त स्थान से सभी वस्तुएं हटाकर डिस्पोजल करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका के सुपरवाइजर रवि घाघरी को हिदायत दी की वे नियमित रूप से परिसर स्थित नालियों, बगीचे एवं अन्य स्थानों पर व्याप्त कचरे का निस्तारीकरण करते हुए इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें।



इस दौरान परिसर में आए कुछ प्रबुद्ध जागरूक नागरिकों ने कमिश्नर को अवगत कराया की वृद्धजन पार्क में लंबे समय से साफ सफाई नहीं की गई है। जिससे वहा कचरा व्याप्त है। साथ ही पौधों को पानी नहीं देने से पौधे मुरझा गए हैं। पार्क बदरंग हो चुका है। कमिश्नर ने तत्काल प्रबुद्ध नागरिकों की बात पर संज्ञान लेते हुए दूरभाष पर नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हिमेश्वरी पटले को निर्देश दिए कि वह वृद्ध जन पार्क में साफ सफाई करवा कर पार्क को स्वच्छ बनाएं और पौधों में नियमित रूप से पानी देने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कमांडेंट होमगार्ड को भी निर्देश दिए की वे कमिश्नर कार्यालय के मुख्य गेट पर होमगार्ड जवान की तैनाती करें और उनकी ड्यूटी टाइम की नियमित चेकिंग भी करें।

परिसर की साफ सफाई के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास श्री नवल मीणा, उपायुक्त विकास श्री डी एन पटेल, संभागीय अधिकारी जन अभियान परिषद श्री कौशलेश तिवारी, श्री राजेश रघुवंशी, पेंशन विभाग, श्रम विभाग, महिला व बाल विकास विभाग, नगरीय प्रशासन, जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर श्रमदान में अपना योगदान दिया।

# जिले में आयोजित वृहद विधिक साक्षरता शिविर में हितग्राही हुए लाभान्वित




**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं तृप्ति शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शनिवार 29 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से जिला न्यायालय परिसर में वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ तृप्ति शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमें श्रम विभाग, विद्युत विभाग, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा वन स्टॉप सेंटर शामिल रहे। विजय कुमार पाठक, सचिव ने आमजनों से अपील की कि वे शिविर में लगाई गई स्टॉलों के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं देयकों में छूट का लाभ लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। अभय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा इसके उद्देश्यों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही समाज में नारी सम्मान को सुनिश्चित करने की अपील भी की गई। विद्युत विभाग की समाधान योजना के अंतर्गत 500 लोग लाभान्वित हुए। पक्षकारों द्वारा अपने प्रकरणों के निराकरण हेतु 23,90,000/- रुपये की राशि जमा कर 4,66,000/- रुपये से अधिक की छूट प्राप्त की गई। शिविर में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाई गई, मुख्य अतिथि ने विभाग द्वारा आमजन को प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

## सिवनी मालवा क्षेत्र में अफरा-तफरी, किसानों को भारी नुकसान

# खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग, 50 एकड़ फसल जलकर राख

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

सिवनी मालवा क्षेत्र के ग्राम बाबड़िया में शुक्रवार दोपहर अचानक लगी भीषण आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग भड़क उठी, जो तेज हवा के चलते तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते कई खेत इसकी चपेट में आ गए। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने के प्रारंभिक प्रयास नाकाफी साबित हुए। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि लगभग 50 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।



**मार्ग भी हुआ प्रभावित**

आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि बाबड़िया से सिवनी मालवा जाने वाले मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया। आग धीरे-धीरे बढ़ते हुए सिवनी मालवा बायपास तक पहुंच गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**फायर ब्रिगेड बीच में ही हुई खराब**

घटना के दौरान सिवनी मालवा से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने के दौरान अचानक खराब हो गई। गाड़ी का एक्सल टूट जाने के कारण राहत कार्य प्रभावित हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने टैंकर और पंप की मदद से आग बुझाने की कोशिश जारी रखी।

**प्रशासन मौके पर पहुंचा**

सूचना मिलते ही एसडीएम विजय राय, तहसीलदार नितिन झोड़ एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इटारसी से अतिरिक्त फायर ब्रिगेड बुलाई गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

**किसानों की मेहनत राख**

ग्राम कांसखेड़ी निवासी धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि उसे रोक पाना लगभग असंभव था। किसानों की तीन महीने की मेहनत कुछ ही मिनटों में जलकर राख हो गई।

**सहायता का आश्वासन**

प्रशासन ने मौके का निरीक्षण कर प्रभावित किसानों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब गेहूं की फसल कटाई के करीब थी, जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

# 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'पत्रकार जन संवाद केंद्र' द्वारा एक विशेष गरिमामयी संगोष्ठी का आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'पत्रकार जन संवाद केंद्र' द्वारा एक विशेष गरिमामयी संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष- पुनरावलोकन एवं आत्मअवलोकनइ रखा गया है, जिसमें पत्रकारिता के इतिहास, मूल्यों और बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की जाएगी। यह आयोजन 29 मार्च 2026, रविवार को सदर मढ़िया के पास स्थित शगुन गार्डन में आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर उपस्थित रहेंगे, जो 'माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान' के निदेशक हैं और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी के योगदान को भी स्मरण किया जाएगा। संगोष्ठी में जिले के पत्रकार, बुद्धिजीवी और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे तथा हिंदी पत्रकारिता के बीते 200 वर्षों की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा करेंगे। यह आयोजन पत्रकारिता के मूल्यों को समझने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।




# ट्रैक मरम्मत के चलते समपार फाटक क्रमांक 213 SPL तीन दिन रहेगा बंद




**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**

टिमरनी-पराढाल रेलवे खंड के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक 213 SPL को ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। संबंधित विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह फाटक 30 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक आवश्यकतानुसार आमजन की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे किलोमीटर 696/2-4 के पास स्थित इस समपार फाटक पर ट्रैक सुधार एवं अनुरक्षण कार्य किया जाना है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस अवधि में आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। रेलवे विभाग द्वारा थाना प्रभारी शिवपुर को भी सूचना देकर आवश्यक सहयोग एवं पुलिस स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है, ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। रेलवे प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें एवं कार्य पूर्ण होने तक सहयोग बनाए रखें।

# रामनवमी पर्व जुलूस का जन जागृति मंच ने किया स्वागत



**खिलचीपुर।** रामनवमी के अवसर पर फूल माली समाज की ओर से आकर्षक झांकी व चल समारोह नगर में निकाला गया। इस अवसर पर चल समारोह का इमली स्टैंड पर जन जागृति मंच के द्वारा स्वागत किया गया। विगत कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी चल समारोह में आए हुए सभी लोगों के लिए मंच की ओर से शुद्ध कैंपर में पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। इसकी सभी ने प्रशंसा की। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष जुल्फिकार खान ने सभी को रामनवमी पर्व की शुभकामना देते हुए नगर की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप प्रेम, शांति, सद्भावना व सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाले कार्य करने की सभी से अपील की।

## दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने किसानों को किया प्रोत्साहित

# मंत्री उदय प्रताप सिंह ने किसानों को शासन की योजनाओं से किया लाभांवित

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को गाडरवारा में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर सम्पन्न हुआ। मंत्री श्री सिंह व अन्य अतिथियों ने शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने यहां नरवाई प्रबंधन के लिए 5 सुपर सीडर, 5 बैटरी स्प्रेयर और 5 किसानों को स्वाइन हेल्थ कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, श्री मुकेश मरैया, डॉ. योगेश कौरव, श्री कमल खटीक, श्री चंद्रकांत शर्मा श्री नरेश कौरव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ, अधिकारी-कर्मचारी हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। आयोजित शिविर में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया। किसानों को नरवाई प्रबंधन, ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली, एक जिला एक उत्पाद, ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर उड़द फसल को प्रोत्साहन की जानकारी दी। किसानों को दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसानों को बताया कि सरकार द्वारा एमएसपी के अतिरिक्त 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। उड़द की उन्नत किस्म का बीज जिले के सभी विकासखंड कार्यालयों एवं कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र में भी शासकीय अनुदान पर उपलब्ध है। कार्यक्रम में कृषको ने अवगत कराया कि मूंग में एक एकड़ में 4 से 5 क्विंटल उत्पादन होता है जबकि उड़द में 8 से 10 क्विंटल उत्पादन होता है।

